भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1189
उत्तर देने की तारीख 11.12.2023

संग्रहालय अनुदान योजना के उद्देश्य

1189. **श्री संगम लाल गुप्ता :**
श्री सी.आर. पाटिल :
श्री पी.पी. चौधरी :
डॉ. रमापति राम त्रिपाठी :
श्री अनुराग शर्मा :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) संग्रहालय अनुदान योजना के उद्देश्य क्या हैं;
(ख) क्या संग्रहालयों के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए और नए संग्रहालयों के लिए स्थलों का चयन करने हेतु कोई मानदंड हैं;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) संग्रहालय अनुदान योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश, विशेषकर प्रतापगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कितने संग्रहालय हैं;
(ङ) इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के संग्रहालयों को कितनी धनराशि प्रदान की गई है और कितना कार्य पूरा किया गया है;
(च) क्या सरकार संग्रहालय संग्रहण के डिजिटलीकरण के लिए प्रतापगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में बांगुर संग्रहालय जैसे किसी संग्रहालय को शामिल करने की योजना बना रही है; और
(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): संस्कृति मंत्रालय द्वारा संग्रहालय अनुदान स्कीम संचालित की जाती है जिसके अंतर्गत देश की विरासत को संरक्षित करने के लिए केन्द्र/राज्य सरकारों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटियों, स्वायत्त निकायों, स्थानीय निकायों और न्यासों को क्षेत्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर मौजूदा संग्रहालयों के विकास/नये संग्रहालयों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए, सभी संगत दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव मंत्रालय को प्रस्तुत करना आवश्यक है ताकि इस प्रयोजनार्थ गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा उस पर विचार किया जा सके। यदि कोई प्रस्ताव स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार प्राप्त होता है, तो उस पर योग्यता के आधार पर विचार किया जाता है।

(घ) और (ङ): उत्तर प्रदेश में संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत संग्रहालयों और विगत पांच वर्षों के दौरान प्रदान की गई निधियों का विवरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

(च) और (छ): जी, नहीं। प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश के संबंध में संस्कृति मंत्रालय को कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

****

अनुलग्नक-I

'संग्रहालय अनुदान योजना के उद्देश्य' के संबंध में दिनांक 11 दिसम्बर, 2023 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1189 के भाग (घ) और (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य को वर्ष-वार जारी की गई निधि का विवरण

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	संगठन का नाम	वित्तीय वर्ष : 2018-19	वित्तीय वर्ष : 2019-20	वित्तीय वर्ष : 2020-21	वित्तीय वर्ष : 2021-22	वित्तीय वर्ष : 2022-23	वित्तीय वर्ष : 2023-24 (अब तक)
1.	लॉ मार्टीनियर गर्ल्स कॉलेज, खुर्शीद मंजिल संग्रहालय, बॉक्स नं. 33, लखनऊ	38.21	-	-	-	-	-
2.	पार्श्वनाथ विद्यापीठ, आईटीआई रोड, करौंदी, पी.ओ. बीएचयू, वाराणसी	37.60	-	-	-	-	-
3.	कैन्टोनमेंट बोर्ड कार्यालय, करियाप्पा, शाहजहांपुर	190.72	-	98.932	100.036	-	-
4.	इलाहाबाद उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश	-	-	-	-	-	10.488
5.	राम कथा संग्रहालय और डिजिटल होलोग्राफिक रामलीला (ओएटी), अयोध्या (जिला-फैजाबाद) उत्तर प्रदेश सरकार	400.00	-	-	-	-	-
6.	गुरु गोरखनाथ सेवा संस्थान, गुरु गोरखनाथ संग्रहालय, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश	250.00	-	-	-	-	-
7.	इंडिया लिटरेसी बोर्ड, लिटरेसी हाउस, कानपुर रोड, लखनऊ	-	-	-	250.00	-	-

*****